**''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में दिनांक 12.03.2026 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत।**

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 12.03.2026 को कार्यालय कक्ष में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अंतर्गत माहवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. समस्त सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता(खण्डान्तर्गत)।
2. उप-परियोजना प्रबन्धक, मै0 टी0पी0आई0 एजेन्सी, पीलीभीत।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, पीलीभीत।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0-एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, पीलीभीत।
5. परियोजना प्रबन्धक, मै0 विश्वराज इंवायरमेंट लि0, पीलीभीत।
6. समस्त जिला समन्वयक, आई0एस0ए0, पीलीभीत।

बैठक में निम्न महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये :-

1. जिन ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है, उन ग्रामों की सूची उपलब्ध करायें तथा नियमित जलापूर्ति अधिक से अधिक ग्रामों में सुनिश्चित करने का प्रयास किया जायें।
2. वर्तमान तक 185 नग योजनाओं के कार्य पूर्ण हो गये हैं, उनका सप्ताह बार प्लानिंग करते हुए O&M में ले जाया जायें।
3. साप्ताहिक 20 योजनाओं को O&M का लाभ सुनिश्चित् किया जायें।
4. शिरोपरि जलाशय कार्य यदि 75 प्रतिशत से 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है, तो उनको शीघ्र पूर्ण कराने के लिए वर्षा प्लान तैयार कर शीघ्रातिशीघ्र कार्य पूर्ण कराये जायें।
5. योजनाओं पर फिटर/टेक्निकल मैन पॉवर को बढ़ाये, जिससे कि ससमय योजनाओं का O&M प्रमाणीकरण पूर्ण कराया जा सकें।
6. पाइप पेयजल योजनाओं पर चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पीलीभीत को इस सम्बन्ध में अवगत कराते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करायें।
7. जल आकलन/एम०ओ०एम० का कार्य जिला पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करायें।
8. जल अर्पण/जल उत्सव का कार्यक्रम मा० जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद- पीलीभीत के 06 विकास खण्डों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें मा० जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान व समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति रही एवं पेयजल योजना के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध दी गयी।
9. पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण तथा दीर्घकालीन स्थापित हेतु जिला तकनीकी इकाई (DTU) की स्थापना की गयी।
10. पूर्ण की गयी पेयजल योजनाओं को निर्धारित समय में O&M में ले जाने का कार्य प्रगति पर है, जिसके अन्तर्गत 108 पेयजल योजनाओं को O&M में ले जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

(मनीष गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता/सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
पीलीभीत।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।**

**पत्रांक :** 806/ M-07 / 19 **दिनांक:** 25-03-2026

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, पीलीभीत को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, पीलीभीत को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. समस्त सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता(खण्डान्तर्गत)।
4. उप-परियोजना प्रबन्धक, मै0 टी0पी0आई0 एजेन्सी, पीलीभीत।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, पीलीभीत।
6. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0-एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, पीलीभीत।
7. परियोजना प्रबन्धक, मै0 विश्वराज इंवायरमेंट लि0, पीलीभीत।
8. समस्त जिला समन्वयक, आई0एस0ए0, पीलीभीत।

अधिशासी अभियन्ता/सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
पीलीभीत।